Australia's Disability Strategy 2021-2031

Creating an inclusive community together

# कार्यान्वयन रिपोर्ट

**3 दिसंबर 2021 – 30 जून 2023**

**सारांश**

*ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021 - 2031*

# कॉपीराइट सूचना


यह दस्तावेज, ***ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031 कार्यान्वयन रिपोर्ट 3 दिसंबर 2021 - 30 जून 2023: सारांश***, Creative Commons Attribution 4.0 International Licence के तहत लाइसेंसीकृत है, जिसमें निम्नलिखित अपवाद हैं:

- *ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031* का लोगो और ब्रांडिंग
- कोई भी तृतीय-पक्ष सामग्री
- सभी चित्र और/या फोटोग्राफ
- ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल कोट ऑफ आर्म्स: जिन शर्तों के तहत कोट ऑफ आर्म्स का उपयोग किया जा सकता है, उनका विविरण प्रधान मंत्री एवं कैबिनेट विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.pmc.gov.au/honours-and-symbols/commonwealth-coat-arms

इस CC By लाइसेंस के बारे में और अधिक जानकारी क्रिएटिव कॉमन्स की वेबसाइट पर नियत की गई है: https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/legalcode

**सूचना:**

1. इस दस्तावेज का व्युत्पन्न बनाए जाने की स्थिति में सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) यह अनुरोध करता है कि आपके व्युत्पन्न में निम्नलिखित सूचना प्रदर्शित की जाए: ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल (Department of Social Services) के डेटा पर आधारित।
2. इस लाइसेंस या इस दस्तावेज के किसी भी अन्य उपयोग के बारे में पूछताछ का स्वागत है। कृपया यहाँ संपर्क करें: शाखा प्रबंधक, संचार सेवाएँ शाखा, सामाजिक सेवाएँ विभाग

   फोन: 1300 653 227
   ईमेल: communications@dss.gov.au


**सुलभता:**

यदि आपको सुनाई नहीं देता है अथवा आपको सुनने या बोलने में कठिनाई होती है, तो आप सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services) के सूचीबद्ध फोन नंबरों में से किसी भी नंबर पर संपर्क करने के लिए राष्ट्रीय रिले सेवा (National Relay Service) का उपयोग कर सकते/ती हैं।

टीटीवाई उपयोगकर्ता - 133 677 पर फोन करें और उस फोन नंबर के लिए आग्रह करें, जिसपर आप संपर्क करना चाहते/ती हैं।

स्पीक एंड लिसन उपयोगकर्ता - 1300 555 727 पर फोन करें और उस फोन नंबर के लिए आग्रह करें, जिसपर आप संपर्क करना चाहते/ती हैं।

इंटरनेट रिले उपयोगकर्ता - राष्ट्रीय रिले सेवा के लिए http://relayservice.gov.au पर जाएँ।

यह कार्यान्वयन रिपोर्ट कई सुलभ प्रारूपों में ऑनलाइन उपलब्ध है। और अधिक जानकारी के लिए https://www.disabilitygateway.gov.au/ads पर जाएँ।

एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों को सलाह दी जाती है कि इस प्रकाशन में मृत लोगों की छवियाँ या नाम हो सकते हैं।


**अभिस्वीकृति:**

इस दस्तावेज के सभी या किसी भी अंश के उपयोग में निम्नलिखित अभिस्वीकृति शामिल होनी आवश्यक है: © ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल (Department of Social Services) 2023


वेब लिंक, टेलीफोन नंबर और शीर्षक प्रकाशन के समय सही हैं। प्रकाशन के बाद इनमें परिवर्तन हो सकता है।


DSS 3080.11.23

# अंतर्वस्तु


कार्यकारी सारांश ........ 3

राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें ........ 4

ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता **कार्यनीति का मार्गपथ** ........ 4

एडीएस परिणाम क्षेत्र ........ 5

- परिणाम क्षेत्र: रोजगार और आर्थिक सुरक्षा ........ 5
- परिणाम क्षेत्र: समावेशी आवास और समुदाय ........ 6
- परिणाम क्षेत्र: सुरक्षा, अधिकार और न्याय ........ 6
- परिणाम क्षेत्र: व्यक्तिगत और सामुदायिक समर्थन ........ 7
- परिणाम क्षेत्र: शिक्षा और सीखना ........ 7
- परिणाम क्षेत्र: स्वास्थ्य और सकुशलता ........ 8
- परिणाम क्षेत्र: सामुदायिक दृष्टिकोण ........ 9

ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता **कार्यनीति** का कार्यान्वयन ........ 9

- भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ ........ 9
- मार्गदर्शक सिद्धांत ........ 10
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों को संलग्न करना ........ 10
- लक्षित कार्य योजनाएँ ........ 11
- संबद्ध योजनाएँ ........ 11
- परिणाम ढाँचा ........ 12
- डेटा में सुधार ........ 13
- साक्ष्य आधार और आकलनों का निर्माण ........ 13
- प्रशासन ........ 14
- एडीएस ऑनलाइन ........ 14

# कार्यकारी सारांश

यह दस्तावेज *ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031 कार्यान्वयन रिपोर्ट 3 दिसंबर 2021 - 30 जून 2023* का सारांश है। संपूर्ण कार्यान्वयन रिपोर्ट डिसेबिलिटी गेटवे पर एडीएस हब पर उपलब्ध है।

यह *ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031* (एडीएस) *[Australia's Disability Strategy 2021-2031* (ADS)] के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सबसे पहली कार्यान्वयन रिपोर्ट है। यह सभी सरकारी स्तरों पर विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने के कार्य का राष्ट्रीय अवलोकन प्रदान करती है।

ऑस्ट्रेलियाई जीवन के सभी क्षेत्रों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों, समावेशन और भागीदारी को बरकरार रखने के प्रयोजन से परिवर्तन को उद्वेलित करने के लिए एडीएस सभी सरकारी स्तरों पर प्राथमिकताएँ निर्धारित करता है। इस पहली रिपोर्टिंग अवधि के दौरान हमने एडीएस परिणाम क्षेत्रों और कार्यान्वयन प्रतिबद्धताओं में प्रगति की। हमने कहाँ कार्यों को उद्वेलित किया है और हमें किन क्षेत्रों में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है, इस बारे में हमने पारदर्शी और जवाबदेह होने की प्रतिबद्धता दी है।

इस पहली रिपोर्टिंग अवधि में हमने एडीएस की जवाबदेयता और पारदर्शिता का समर्थन करने वाली संरचनाओं को स्थापित किया, जैसे एडीएस सलाहकार परिषद (ADS Advisory Council) की स्थापना, और एडीएस परिणाम ढांचे (ADS Outcomes Framework) एवं लक्षित कार्य योजनाओं (Targeted Action Plans) के प्रति सार्वजनिक रिपोर्टिंग। यह न्यायाधिकार-क्षेत्रों द्वारा अपनी-अपनी विकलांगता योजनाओं व रिपोर्टिंग प्रणालियों के माध्यम से किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के अतिरिक्त है। उनकी रिपोर्टिंग एडीएस के प्रति समग्र रिपोर्टिंग में योगदान देगी।

विकलांगता-ग्रस्त लोग और विकलांगता क्षेत्र जिस खुलेपन और आवेश के साथ एडीएस के कार्यान्वयन में सक्रियात्मक रूप से संलग्न हुए हैं, हम उन्हें अभिस्वीकृति देते हैं और उनका स्वागत करते हैं। एडीएस संलग्नता योजना (ADS Engagement Plan) न केवल विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ निरंतर संलग्नता का उद्देश्य नियत करती है, बल्कि इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण गतिविधियों की पहचान भी करती है। हमें नवंबर 2022 में सर्वप्रथम एडीएस राष्ट्रीय मंच (ADS National Forum) और जून 2023 में क्वींसलैंड में सर्वप्रथम एडीएस राज्य मंच (ADS State Forum) के वार्षिक सार्वजनिक मंचों को आयोजित करने की अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर पाने पर प्रसन्नता है। इनसे उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टियाँ प्राप्त हो पाई, जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है।

अप्रैल 2019 में स्थापित विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण के लिए राजकीय आयोग (विकलांगता राजकीय आयोग) [Royal Commission into Violence, Abuse, Neglect and Exploitation of People with Disability (Disability Royal Commission)] से एडीएस के विकास को आकार मिला। इसकी अंतिम रिपोर्ट में दी गई सिफारिशें, जो सितंबर 2023 में गवर्नर जनरल को उपलब्ध कराई गई थी, ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत-स्तंभ प्रदान करती हैं। हमने अंतिम रिपोर्ट के आलोक में एडीएस की समीक्षा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है और यह कार्य अब आरंभ हो रहा है।

विकलांगता समुदाय को, जैसा कि समझा जा सकता है, एडीएस के कार्यान्वयन में की जाने वाली प्रगति को लेकर अधिक उम्मीदें हैं। हमने इस आरंभिक रिपोर्टिंग अवधि में अच्छी प्रगति की है और कई प्रमुख प्रतिबद्धताएँ वितरित की हैं। अगली रिपोर्टिंग अवधि में सभी सरकारी स्तरों पर सुधार करने और ठोस कार्यवाही करने के लिए विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ मिलकर काम करने पर और भी अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिससे सभी विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणाम आगे बढ़ पाएँगे। इसमें नई लक्षित कार्य योजनाएँ; विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ चल रहे परामर्श और संलग्नताएँ; तथा पारदर्शिता में सुधार और बेहतर निर्णय लेने के समर्थन में साक्ष्य और डेटा में सुधार किया जाना शामिल होगा।

# राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें

एडीएस का मानना है कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों को समुदाय के अन्य सदस्यों के बराबर अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में सहायता देने के लिए सभी सरकारी स्तर जिम्मेदार हैं। राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें एडीएस को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों की अपनी-अपनी विकलांगता योजनाएँ हैं या वे योजनाएँ विकसित कर रही हैं। कार्य स्थानीय रूप से आधारित हैं और वे एडीएस के तहत गतिविधियों के समानांतर काम करने का लक्ष्य रखते हैं। एडीएस के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं के वितरण को उद्वेलित करने के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें इन योजनाओं का उपयोग प्राथमिक तंत्रों के रूप में करती हैं।

यह कार्यान्वयन रिपोर्ट विकलांगता-ग्रस्त लोगों के परिणामों में सुधार के लिए पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में किए जा रहे प्रमुख कार्यों को दर्शाती है। गतिविधियाँ और पहलें केवल कुछ ही महत्वपूर्ण कार्यों के उदाहरण हैं। प्रत्येक न्यायाधिकार-क्षेत्र में एडीएस को समर्थित करने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में और अधिक जानकारी नीचे दिए गए वेबसाइट लिंक्स के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है:

- एनएसडब्ल्यू सरकार समुदाय एवं न्याय
- विक्टोरिया सरकार राज्य विकलांगता योजना
- क्वींसलैंड सरकार विकलांगता योजना
- पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया सरकार समुदाय विभाग
- दक्षिण ऑस्ट्रेलिया सरकार समावेशी एसए
- तस्मानिया सरकार, प्रीमियर एवं कैबिनेट विभाग;
- एसीटी सरकार सामुदायिक सेवाएँ
- उत्तरी राज्य-क्षेत्र (नॉर्दर्न टेरिटरी) सरकार राज्य-क्षेत्र परिवार, आवास एवं समुदाय विभाग।

ऑस्ट्रेलिया की 537 परिषदें अपने-अपने समुदायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परिषदें अपने समुदाय के लिए सरकार का निकटतम स्तर होती हैं और ये लगभग 150 सेवाएँ प्रदान करती है। स्थानीय सरकारें भविष्य में विकास का मार्गदर्शन करने और अपने स्थानीय समुदायों को समर्थित करने के लिए अपने समुदायों के साथ कार्यनीतिक योजनाएँ विकसित करती हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्थानीय सरकार संगठन (Australian Local Government Association) को पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में विकसित की जा रही विकलांगता समावेशन और सुलभता योजनाओं की संख्याओं में बढ़ौत्तरी को देखते हुए, और परिषदों की सामान्य कार्यावली के हिस्से के रूप में विकलांगता-ग्रस्त लोगों की आवश्यकताओं पर विचार करने में इसके प्रभाव को देखते हुए खुशी होती है।

# ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति का मार्गपथ

एडीएस मार्गपथ (ADS Roadmap) एडीएस के तहत किए जा रहे प्रमुख कार्यों का अवलोकन प्रदान करता है और यह प्रदर्शित करता है कि ये कार्य कब किए जाएँगे। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, मार्गपथ की कई विशिष्ट उपलब्धियों को वितरित किया जाना था। 3 दिसंबर 2021 से 30 जून 2023 के लिए नियत की गई सभी विशिष्ट उपलब्धियों को पूरा कर लिया गया है, या वे प्रगति पर हैं और वितरण के मार्ग पर हैं।

## *2021*

- **पूरा किया गया:** पहली लक्षित कार्य योजनाएँ, जिन्हें 3 दिसंबर 2021 के दिन निर्गत किया गया था
- **पूरा किया गया:** 2021 में विकलांगता की समीक्षा (परिसर तक पहुँच – भवन मानक), जिन्हें 21 सितंबर 2021 के दिन निर्गत किया गया था
- **पूरा किया गया:** एडीएस सलाहकार परिषद, जिसे दिसंबर 2021 में स्थापित किया गया था

## *2022*

- **पूरा किया गया:** सर्वप्रथम एडीएस राष्ट्रीय मंच, जिसे 23 नवंबर 2022 के दिन आयोजित किया गया था

- **प्रगति में:** 2022 विकलांगता, आयुर्वृद्धि एवं देखभालकर्ता सर्वेक्षण का क्षेत्रीय-कार्य पूरा किया गया, जिसके परिणाम 2024 में निर्गत किए जाएँगे
- **प्रगति में:** सुलभ सार्वजनिक परिवहन परामर्श के लिए विकलांगता मानकों की 2022 समीक्षा पूरी की गई, और रिपोर्ट को 2023 के अंत में निर्गत किया जाएगा

### *2023*

- **पूरा किया गया:** सर्वप्रथम एडीएस राज्य मंच 19 जून 2023 को क्वींसलैंड में आयोजित किया गया

# एडीएस परिणाम क्षेत्र

एडीएस के 7 परिणाम क्षेत्र सामूहिक रूप से उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनके बारे में विकलांगता-ग्रस्त लोगों ने हमें बताया है कि वे उनके लिए महत्वपूर्ण हैं और एक समावेशी ऑस्ट्रेलियाई समाज हासिल करने के लिए इनमें सुधार की आवश्यकता है।

इन परिणाम क्षेत्रों ने समुदाय, व्यवसाय और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ काम करने के लिए सभी सरकारी स्तरों पर प्राथमिकताएँ निर्धारित की हैं, ताकि आवश्यक परिवर्तन वितरित किए जा सकें। इसमें रोजगार के अवसर और ऊँची गुणवत्ता की समावेशी शिक्षा प्रदान करना, समुदाय के दृष्टिकोणों में सुधार करना और आवासों व समुदायों को सुरक्षित, समावेशी और सुलभतायुक्त बनाना शामिल है।

निम्नलिखित अनुभाग 3 दिसंबर 2021 से लेकर 30 जून 2023 तक ऑस्ट्रेलिया सरकार व राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों तथा प्रगति का नमूना प्रदान करते हैं।

## परिणाम क्षेत्र: रोजगार और आर्थिक सुरक्षा

परिणाम: विकलांगता-ग्रस्त लोगों के पास आर्थिक सुरक्षा होती है, जिससे वे भविष्य की योजना बनाने और अपने जीवन में विकल्प और नियंत्रण का उपयोग करने में सक्षम होते हैं

विकलांगता-मुक्त कामकाजी आयु के लोगों की तुलना में विकलांगता-ग्रस्त लोगों की बेरोजगारी दर दोगुनी से अधिक है। विकलांगता-ग्रस्त कामकाजी आयु के लोगों के लिए रोजगार दर कई दशकों से अपेक्षाकृत अपरिवर्तित रही है।

एडीएस राष्ट्रीय मंच (नवंबर 2022) में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के बीच प्रमुख विषय इस बात की आवश्यकता थी कि कार्य-नियोक्ता स्तर पर बाधाओं को दूर किया जाए और विकलांगता-ग्रस्त युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार में पारगमन में सुधार किया जाए। क्वींसलैंड एडीएस राज्य मंच (जून 2023) में प्रतिभागियों ने रोजगार के संबंध में एक-समान विचारों को दोहराया। विकलांगता प्रतिनिधि संगठनों ने हमें बताया है कि रोजगार से संबंधित धीमी प्रगति को देखते हुए अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

इस परिणाम क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- एंप्लॉय माई एबिलिटी (Employ My Ability), विकलांगता रोजगार कार्यनीति (Disability Employment Strategy) को दिसंबर 2021 में आरंभ किया गया।
- ऑस्ट्रेलिया सरकार की एपीएस विकलांगता रोजगार कार्यनीति 2020-25 (APS Disability Employment Strategy 2020-25)।
- राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों की रोजगार कार्यनीतियाँ और योजनाएँ, जिनका उद्देश्य विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए सरकारी क्षेत्र में रोजगार की बढ़ौत्तरी करना है।
- शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के लिए नए कार्यक्रम और पायलट्स, जैसे विक्टोरिया का रीकनेक्ट (Reconnect) कार्यक्रम, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रशिक्षण प्राथमिकता परियोजनाएँ (Training Priority Projects) और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को कुशलता-प्राप्त बनाना (Skilling South Australia) पहलें, या क्वींसलैंड का सामाजिक उद्यम रोजगार निधि (Social Enterprise Jobs Fund)।

## परिणाम क्षेत्र: समावेशी आवास और समुदाय

परिणाम: विकलांगता-ग्रस्त लोग समावेशी, सुलभतापूर्ण और अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए आवासों और समुदायों में रहते हैं

एडीएस विकलांगता-ग्रस्त लोगों को अपने समुदायों में शामिल होने में सहायता देने के लिए आवास, बुनियादी ढांचे और समावेशी समुदायों के महत्व को पहचानता है। व्यावहारिक शब्दों में, यह परिणाम क्षेत्र उन कार्यों को प्रोत्साहन देता है जो सुलभतापूर्ण आवास, परिवहन और संचार प्रणालियों व अवरचित परिवेश के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों को अपने-अपने समुदायों में शामिल होने के लिए समर्थित करते हैं।

विकलांगता-ग्रस्त लोगों और एडीएस सलाहकार परिषद ने विकलांगता-ग्रस्त लोगों के आवास के बारे में चिंताएँ व्यक्त की है। सलाहकार परिषद ने बताया है कि विकलांगता-ग्रस्त समुदाय को आवास से संबंधित गंभीर मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर खर्चा वहन करने की क्षमता और सुलभता के संबंध में।

इस परिणाम क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- ब्रिस्बेन में 2022 VIRTUS ओशिएनिया एशिया खेलों (2022 VIRTUS Oceania Asia Games) को समर्थन।
- चेंजिंग प्लेसेस (Changing Places) पहलों के माध्यम से विशेषीकृत सुलभ शौचालय और कपड़े बदलने की सुविधाएँ आरंभ करना।
- परिवहन और परिसर विकलांगता मानकों की समीक्षा।
- क्रिएटिव ऑस्ट्रेलिया (Creative Australia) की कलाएँ एवं विकलांगता पहल (Arts and Disability Initiative) के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त कलाकारों या कलाकर्मियों के करियर को आगे बढ़ाना।
- ऊँची गुणवत्ता के सुरक्षित और संरक्षित विशेषीकृत विकलांगता आवास (Specialist Disability Accommodation) को समर्थन देना, जैसे विक्टोरिया के निर्माण प्रोत्साहन कार्यक्रम (Building Stimulus Program) के माध्यम से।
- भेदभाव, धमकाए जाने और उत्पीड़न के प्रति शून्य सहिष्णुता को बढ़ावा देने वाली पहलें, जैसे समान अवसर एसए (Equal Opportunity SA) की हम समान हैं (WE'RE EQUAL) पहल।

## परिणाम क्षेत्र: सुरक्षा, अधिकार और न्याय

परिणाम: विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों को बढ़ावा दिया जाता है, बरकरार रखा जाता है और संरक्षित किया जाता है, तथा विकलांगता-ग्रस्त लोग सुरक्षित महसूस करते हैं और कानून के समक्ष समानता का आनंद उठा सकते हैं

हम भली-भांति अवरचित और एकीकृत सेवा प्रणालियों, नुकसान के जोखिम वाले लोगों के लिए बेहतर समर्थनों, और गलतियाँ होने पर कार्यवाही के उचित मार्गों के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों को नुकसान का अनुभव होने से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह परिणाम क्षेत्र सुरक्षा लक्षित कार्य योजना (Safety Targeted Action Plan) गतिविधियों द्वारा समर्थित है।

- एडीएस राष्ट्रीय मंच (नवंबर 2022) में सुरक्षा, अधिकार एवं न्याय (Safety, Rights and Justice) सत्र में विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं के प्रति हिंसा की ऊँची दर पर ध्यान केंद्रित किया गया था। मंच में प्रतिभागियों ने आपराधिक न्याय प्रणाली में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के और अधिक प्रतिनिधित्व के बारे में भी अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। हम समानतापूर्ण न्यायिक परिणामों की सुलभता को बढ़ाने और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली में और अधिक प्रभावी प्रतिक्रियाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस परिणाम क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- चुनावी भागीदारी को सुलभ बनाने के लिए उन्नत (बढ़ी हुई) सेवाएँ।

- राष्ट्रीय विकलांगता पक्ष-समर्थन केंद्र (National Centre for Disability Advocacy) और विकलांगता पक्ष-समर्थन हेल्पलाइन (Disability Advocacy Support Helpline) स्थापित करने के लिए समर्थन देना।
- विधायी परिवर्तन, जैसे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में अनिश्चित काल के लिए हिरासत समाप्त करने के लिए सुधार और मानसिक विकलांगता-ग्रस्त व्यक्तियों के लिए प्रक्रियात्मक निष्पक्षता में सुधार, या तस्मानिया का नया विकलांगता समावेश (Disability Inclusion) कानून।
- न्याय प्रणाली में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए समानता व समावेश में सुधार के लिए काम करना, जैसे एसीटी की *विकलांगता न्याय कार्यनीति 2019-2029 (Disability Justice Strategy 2019–2029)* और इसकी प्रथम कार्य योजना (First Action Plan) के माध्यम से।
- घरेलू और पारिवारिक हिंसा पर प्रतिक्रिया करने के लिए विकलांगता क्षेत्र की क्षमता का निर्माण करने वाली परियोजनाएँ, जैसे एनएसडब्ल्यू में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए घरेलू एवं पारिवारिक हिंसा समर्थन का सशक्तीकरण (Strengthening Domestic and Family Violence Supports for People with Disability) ।
- जेलों में विशेषीकृत विकलांगता समर्थन और सेवाएँ, जैसे विक्टोरिया की कारावास विकलांगता समर्थन पहल (Prison Disability Support Initiative) के माध्यम से।

# परिणाम क्षेत्र: व्यक्तिगत और सामुदायिक समर्थन

परिणाम: विकलांगता-ग्रस्त लोगों को स्वतंत्रतापूर्वक जीवन जीने और अपने-अपने समुदायों में संलग्न होने में सहायता देने के लिए अनेकानेक समर्थन सुलभ हैं

एनडीआईएस (NDIS) को आरंभ करने से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए व्यक्तिगत समर्थन और वित्त-पोषण के प्रावधान में एक बड़ा-भारी और सकारात्मक परिवर्तन प्राप्त हुआ। कई प्रतिभागियों के लिए एनडीआईएस से प्राप्त हुए सुधारों के महत्व को कम नहीं माना जा सकता है, किंतु यह व्यक्तिगत और सामुदायिक समर्थन के विषय पर किसी भी चर्चा का प्रमुख केंद्र बिंदु बन गया है।

एडीएस राष्ट्रीय मंच (नवंबर 2022) में विकलांगता-ग्रस्त लोगों ने कहा कि व्यक्तिगत और सामुदायिक सहायता पर समर्थनों के व्यापक परितंत्र (इकोसिस्टम) के रूप में ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, न कि मात्र एनडीआईएस प्रतिभागियों के लिए। विकलांगता प्रतिनिधि संगठनों ने हमें बताया है कि एनडीआईएस से परे विकलांगता समर्थन में सरकारी निवेश सुनिश्चित करने के लिए सरकार के 3 स्तरों के बीच नेतृत्व और समन्वय की आवश्यकता है।

इस परिणाम क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- एनडीआईएस उपलब्ध कराना।
- समर्थन-प्राप्त निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्धताएँ, जैसे एसीटी सरकार के संशोधित *संरक्षकता एवं संपत्ति प्रबंधन अधिनियम 1991* (एसीटी) [*Guardianship and Management of Property Act 1991*] (ACT) के माध्यम से।
- रोकथाम और आरंभिक हस्तक्षेप में निवेश, जैसे एनएसडब्ल्यू सरकार द्वारा ब्राइटर बिगिनिंग्स (Brighter Beginnings) पहल में निवेश।
- उन लोगों के लिए समर्थन जो NDIS या माई एजेड केयर (My Aged Care) के पात्र नहीं हैं, जैसे दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का सामुदायिक संलग्नताएँ (Community Connections) कार्यक्रम।

# परिणाम क्षेत्र: शिक्षा और सीखना

परिणाम: विकलांगता-ग्रस्त लोग शिक्षा और सीखने के माध्यम से अपनी पूरी क्षमता हासिल करते हैं

शिक्षा एक महत्वपूर्ण कारक है, जो किसी भी व्यक्ति के जीवन के कई क्षेत्रों को प्रभावित करती है। यह हमारे रोजगार और आर्थिक लक्ष्यों, मित्रताओं, स्वास्थ्य परिणामों और मनोरंजनात्मक हितों को समर्थन देती है। शिक्षा-प्राप्ति

स्कूल के गेट पर ही समाप्त नहीं हो जाती है: आजीवन सीखने से हमें अपने समुदायों के साथ गहरे जुड़ाव, व्यक्तिगत संतुष्टि और अपने आस-पास के परिवर्तनशील संसार के अनुकूल बन पाने के लिए और भी अधिक अवसर मिलते हैं। यह परिणाम क्षेत्र आरंभिक बचपन लक्षित कार्य योजना (Early Childhood Targeted Action Plan) गतिविधियों द्वारा समर्थित है।

एडीएस राष्ट्रीय मंच (नवंबर 2022) में प्रतिभागियों ने शिक्षकों और स्कूलों को बेहतर समर्थन देने की आवश्यकता पर चर्चा की, जैसे सीखने के पेशेवर अवसरों या संपूर्ण क्षेत्र में विकलांगता आत्मविश्वास के निर्माण के माध्यम से। विकलांगता प्रतिनिधि संगठनों ने व्यावसायिक प्रशिक्षण (वोकेशनल ट्रेनिंग) और तृतीयक शिक्षा (टर्शियरी एजुकेशन) के साथ-साथ सुलभतापूर्ण तथा समावेशी शिक्षा के महत्व पर बल दिया है।

इस परिणाम क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों और उनके परिवारों को अपने अधिकारों के बारे में समझने और उनका उपयोग कर पाने में सहायता देने के लिए संसाधन।
- विद्यार्थी पक्ष-समर्थन, जिसमें विकलांगता-ग्रस्त विद्यार्थियों को शामिल किया जाता है, जैसे उत्तरी राज्य-क्षेत्र का यूथ वॉइस क्रू (Youth Voice Crew)।
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए भोजन साक्षरता एवं पोषण शिक्षण कार्यक्रम, जैसे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का सभी क्षमताओं के लिए स्वस्थ भोजन (Healthy Food for All Abilities) कार्यक्रम।
- समावेशी शिक्षा के लिए प्रतिबद्धताएँ, जैसे विक्टोरिया के विकलांगता समावेशन (Disability Inclusion) सुधार और ऑटिज़्म शिक्षा कार्यनीति (Autism Education Strategy), तथा एनएसडब्ल्यू के शिक्षा विभाग की विकलांगता कार्यनीति (Department of Education's Disability Strategy)।

# परिणाम क्षेत्र: स्वास्थ्य और सकुशलता

परिणाम: विकलांगता-ग्रस्त लोग अपने पूरे जीवन-भर यथासंभव उच्चतम स्वास्थ्य और सकुशलता परिणाम प्राप्त करते हैं

अच्छे जीवन के लिए अच्छे स्वास्थ्य का अनुभव एक मौलिक आवश्यकता है। जब विकलांगता-ग्रस्त लोगों को अच्छे स्वास्थ्य में बाधाओं का अनुभव होता है, तो उन्हें स्कूल, कार्यस्थल और सामुदायिक जीवन में भाग लेने में चुनौतियों का अनुभव भी होता है। विकलांगता-ग्रस्त लोगों ने एडीएस राष्ट्रीय मंच (नवंबर 2022) में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति ऐसे नकारात्मक दृष्टिकोणों के बारे में चर्चा की, जो स्वास्थ्य देखभाल, निदान और अपने उपचार के बारे में स्वयं निर्णय लेने की सुलभता को सीमित कर सकते हैं।

विकलांगता समुदाय के साथ-साथ एडीएस सलाहकार परिषद ने भी विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए कोविड-19 समर्थन के बारे में चिंताएँ व्यक्त की है। विकलांगता-ग्रस्त लोगों को अक्सर स्वास्थ्य देखभाल और अन्य आवश्यक सेवाएँ प्राप्त कर पाने में अनेक असमानताओं का सामना करना पड़ता है, और कोविड-19 महामारी ने इन असमानताओं को उजागर किया और कई मायनों में इन्हें गहरा भी बना दिया।

इस परिणाम क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- बौद्धिक विकलांगता से ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए राष्ट्रीय मार्गपथ (National Roadmap for Improving the Health of People with Intellectual Disability) के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल में सुधार।
- क्षेत्रीय क्षमता का निर्माण, जैसे हमारे जनमानस में निवेश: राष्ट्रीय कार्यबल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम (Investing in Our Mob: National Workforce and Training Program)।
- समावेशी स्वास्थ्य और आपातकालीन नियोजन प्रतिक्रियाओं के समर्थन के लिए राज्य योजनाएँ और कार्यनीतियाँ, जैसे एसीटी विकलांगता स्वास्थ्य कार्यनीति (ACT Disability Health Strategy), उत्तरी राज्य-क्षेत्र आपातकालीन योजना (Northern Territory Emergency Plan), और क्वींसलैंड के *स्वास्थ्य विभाग की विकलांगता सेवा योजना 2022-2024 (Department of Health Disability Service Plan 2022-2024)*।

- आपातकालीन तैयारी परियोजनाएँ, जैसे तस्मानिया की विकलांगता-ग्रस्त लोग आपातकालीन तैयारी परियोजना (People with Disability Emergency Preparedness Project)।

## परिणाम क्षेत्र: सामुदायिक दृष्टिकोण

परिणाम: सामुदायिक दृष्टिकोण विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए समाज में समानता, समावेश और भागीदारी का समर्थन करते हैं

ऑस्ट्रेलियाई समाज में किसी विकलांगता-ग्रस्त व्यक्ति के संपूर्ण समावेशन और भागीदारी के लिए सबसे मौलिक बाधाओं में से एक बाधा विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति सामुदायिक दृष्टिकोण हैं। एडीएस राष्ट्रीय मंच (नवंबर 2022) में सामुदायिक दृष्टिकोण बार-बार सामने आने वाला एक विषय था। चर्चाओं में शामिल था कि कलंकारोपण, सक्षमता, नकारात्मक दृष्टिकोण और निम्न अपेक्षाएँ जीवन के कई पहलुओं में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के जीवन में किस प्रकार से बाधाओं के रूप में काम करती हैं।

स्क्रीन ऑस्ट्रेलिया (Screen Australia) की *सीइंग अवरसेल्वस 2 (Seeing Ourselves 2)* (2023) रिपोर्ट से पता चला कि ऑस्ट्रेलियाई टी.वी. ड्रामा में ऑन-स्क्रीन विकलांगता प्रतिनिधित्व गंभीर रूप से निम्न बना हुआ है। मंच के प्रतिभागियों ने मीडिया और नेतृत्व में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के बढ़ते हुए प्रतिनिधित्व को सामुदायिक दृष्टिकोण बदलने और समावेशन को प्रोत्साहन देने की कुंजी के रूप में पहचान दी।

इस परिणाम क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विज्ञापन अभियानों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रतिनिधित्व में वृद्धि को समर्थन देने के लिए अभियान दिशानिर्देशों में अपडेट्स।
- अनुदानों के दौर और कार्यक्रम कार्य-नियोक्ता के आत्मविश्वास निर्माण और विकलांगता-ग्रस्त लोगों की नेतृत्व कुशलताओं को समर्थन देने पर केंद्रित।
- विकलांगता रूढ़िवादिताओं को प्रभावित करने, शिक्षित करने और चुनौती देने के लिए मीडिया अभियान, जैसे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का दि लाइव्स वी लीड (The Lives We Lead) और साउथ ऑस्ट्रेलिया का सी मी फॉर मी (See Me for Me)।
- सार्वजनिक मंच, जिसमें 2-3 नवंबर 2022 को आयोजित पहला एडीएस राष्ट्रीय मंच और 19 जून 2023 को क्वींसलैंड द्वारा आयोजित पहला एडीएस राज्य मंच शामिल है।

# ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति का कार्यान्वयन

हमने नियमित रूप से गतिविधि के बारे में रिपोर्ट करने और प्रगति को मापने के लिए प्रतिबद्धता दी है, ताकि हम इस बारे में पारदर्शी बन सकें कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणाम कैसे बदल रहे हैं।

निम्नलिखित इस बात का एक संक्षिप्त सारांश प्रदान करता है कि हम एडीएस के कार्यान्वयन के लिए क्या कर रहे हैं। कार्यान्वयन गतिविधियों के बारे में और अधिक जानकारी संपूर्ण कार्यान्वयन रिपोर्ट, विकलांगता गेटवे पर एडीएस हब, और राज्य तथा राज्य-क्षेत्र सरकारों की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

## भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ

एडीएस यह मानता है कि एडीएस के लक्ष्य हासिल करने में सभी सरकारी स्तरों को भूमिका निभानी होती है, और इस बात की पहचान करता है कि सरकार का कौन सा स्तर उन सेवाओं और समर्थनों के लिए जिम्मेदार है जिनपर विकलांगता-ग्रस्त लोग निर्भर करते हैं, और इनमें से अनेक सेवाएँ और प्रणालियाँ सरकारों के साथ-मिलकर काम करने पर निर्भर करती हैं। संपूर्ण सरकार-भर में काम करने के माध्यम से हम विकलांगता विशिष्ट एजेंसियों से परे क्षेत्रों में विकलांगता-ग्रस्त लोगों, और एडीएस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इस कार्यान्वयन क्षेत्र में गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा प्रथम राष्ट्र विकलाँगता नेटवर्क (First Peoples Disability Network) का निधीकरण, ताकि समुदाय नियंत्रित विकलांगता क्षेत्र सशक्तीकरण योजना (Community Controlled Disability Sector Strengthening Plan) के शुरुआती कार्यान्वयन को विकसित व समर्थित किया जा सके और [राष्ट्रीय विकलांगता पदचिह्न (National Disability Footprint)] को विकसित और कार्यान्वित किया जा सके।
- मुख्यधारा सेवाओं और प्रणालियों में सुलभता या समावेशन प्रावधानों का अंगीकरण, जैसे विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अस्पताल से डिस्चार्ज और देखभाल पथमार्गों में सुधार।
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के अधिकारों, संरक्षणों और सुरक्षा उपायों के सशक्तीकरण के लिए विधायी सुधार, जैसे विक्टोरिया का *विकलांगता एवं सामाजिक सेवाएँ विनियमन संशोधन अधिनियम 2023* (वीआईसी) *[Disability and Social Services Regulation Amendment Act 2023* (Vic)], दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का [विकलांगता समावेशन (समीक्षा अनुसंशाएँ) संशोधन विधेयक 2023 [Disability Inclusion (Review Recommendations) Amendment Bill 2023]] और तस्मानिया में विकलांगता आयुक्त (Disability Commissioner) की स्थापना।

# मार्गदर्शक सिद्धांत

एडीएस की दूरदृष्टि हासिल करने के उद्देश्य से सरकारें ऐसी नीतियों, कार्यक्रमों, सेवाओं और प्रणालियों के विकास व कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो विकलांगता-ग्रस्त व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र प्रसंविदा (United Nations Convention on the Rights of Persons with Disabilities) के मानवाधिकार सिद्धांतों का प्रतिबिंबन करती हैं। सरकारें अपने कार्य में एडीएस के मार्गदर्शक सिद्धांतों का उपयोग करने के लिए सहमत हैं - जो संयुक्त राष्ट्र प्रसंविदा (United Nations Convention) के सिद्धांतों का प्रतिबिंबन करते हैं।

मार्गदर्शक सिद्धांतों को लागू करने वाली गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- मार्गदर्शक सिद्धांतों की संदर्शिका (Guide to the Guiding Principles) विकसित करना, ताकि सरकारों, व्यवसायों और गैर-सरकारी क्षेत्र को अपने कार्य में मार्गदर्शक सिद्धांतों को लागू करने में सहायता मिल सके।
- सरकारी सलाह और नीति विकास में विकलांगता-ग्रस्त लोगों की आवाज केंद्रित करने के लिए तंत्र स्थापित करना।
- राज्य और एजेंसी की विकलांगता योजनाओं में मार्गदर्शक सिद्धांतों का प्रतिबिंबन करना, जैसे *[समावेशी विक्टोरिया: राज्य विकलांगता योजना 2022-2026 (Inclusive Victoria: state disability plan 2022–2026)]* में, या दक्षिण ऑस्ट्रेलिया द्वारा सरकारी एजेंसी विकलांगता सुलभता एवं समावेशन योजनाओं (Disability Access and Inclusion Plans) में मार्गदर्शक सिद्धांतों का अप्रत्यक्ष रूप से अंगीकरण।

# विकलांगता-ग्रस्त लोगों को संलग्न करना

हम एडीएस के कार्यान्वयन में केंद्रीय और सक्रियात्मक भूमिका निभाने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों को सशक्त बना रहे हैं कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों की आवश्यकताओं पर विचार किया जाए। हम वार्षिक मंचों के लिए अपनी एडीएस प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। राज्य और राज्य-क्षेत्र भी अपनी न्याय-क्षेत्राधिकार विकलांगता योजनाओं के हिस्से के रूप में सहभागिता-संबंधी गतिविधियाँ कर रहे हैं।

[एडीएस संलग्नता योजना (ADS Engagement Plan)] यह सुनिश्चित करेगी कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों के व्यक्त विचार, जीवंत अनुभव और जारी सलाह उन्हें प्रभावित करने वाली नीतियों और कार्यक्रमों के विकास में परिलक्षित होती है।

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने [विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ संलग्नता के लिए अच्छी कार्यप्रथाएँ दिशानिर्देश (Good Practice Guidelines for Engaging with People with Disability)] विकसित किए हैं। इस संदर्शिका से

सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को विकलांगता-ग्रस्त लोगों की भागीदारी और समावेशन को बेहतर तरीके से समर्थन देने के लिए अपनी संलग्नता गतिविधियों में सुधार लाने में सहायता मिलेगी।

एडीएस के कार्यान्वयन में विकलांगता-ग्रस्त लोगों को संलग्न करने वाली गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- 2-3 नवंबर 2022 के दिन कैनबरा, एसीटी में पहला एडीएस राष्ट्रीय मंच।
- 19 जून 2023 के दिन ब्रिस्बेन, क्वींसलैंड में पहला एडीएस राज्य मंच।
- समावेशी कार्यप्रथा की ओर संदर्शिका का विकास, जो बौद्धिक-विकलांगता से ग्रस्त लोगों को संलग्न करते समय सरकारों को और अधिक समावेशी बनने में समर्थन देती है।
- विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ सरकारी नीति की सह-अवरचना, जैसे एनडीआईए (NDIA) की समर्थन-प्राप्त निर्णयात्मकता नीति (Supported Decision-Making Policy),
- सरकार को सलाह देने के लिए विकलांगता सलाहकार समितियाँ या समूह, जैसे उत्तरी राज्य-क्षेत्र की विकलांगता सलाहकार परिषद (Disability Advisory Council) या एसीटी का विकलांगता संदर्भ समूह (Disability Reference Group)।
- राज्य विकलांगता योजनाओं को समर्थित करने के लिए सुलभता-युक्त संचार और कार्यक्रम, जैसे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया द्वारा अपनी राज्य विकलांगता कार्यनीति (State Disability Strategy) को प्रोत्साहन या एसीटी द्वारा अपनी विकलांगता कार्यनीति (Disability Strategy) का विकास।

विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ संलग्नता एक ऊँची प्राथमिकता बनी हुई है, और हम विकलांगता-ग्रस्त लोगों को शामिल करने तथा उनके साथ मिलकर नीतियों व कार्यक्रमों की सह-अवरचना करने की आवश्यकता को पहचानते हैं। एडीएस संलग्नता योजना (ADS Engagement Plan) के तहत प्रत्येक वर्ष कम से कम एक सार्वजनिक मंच या परामर्श उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता है। एडीएस मार्गपथ के अनुरूप 2024, 2027 और 2030 के लिए जनपरामर्श की योजना बनाई गई है।

## लक्षित कार्य योजनाएँ

एडीएस में एक नया दृष्टिकोण लक्षित कार्य योजनाओं (TAP's) के प्रति प्रतिबद्धता को शामिल करना था, ताकि सभी विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए बेहतर परिणामों को बेहतर ढंग से सुविधाकृत किया जा सके। टीएपी को विशिष्ट डेलिवरेबल्स (प्रदेय उद्देश्य) प्राप्त करने हेतु एक से तीन वर्षों में गहन संकेन्द्रण लागू करने के लिए विकसित किया गया था। एडीएस के साथ आरंभ किए गए पहले 5 टीएपी रोजगार, सामुदायिक दृष्टिकोण, आरंभिक बचपन, सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन में सुधार पर केंद्रित हैं।

3 दिसंबर 2021 से 30 जून 2022 की अवधि के लिए पहली वार्षिक टीएपी रिपोर्ट नवंबर 2022 में प्रकाशित की गई थी। इसमें बताया गया था कि 80% से अधिक कार्य पूरे हो गए हैं या सही मार्ग पर हैं। 1 जुलाई 2022 से लेकर 30 जून 2023 की अवधि के लिए दूसरी वार्षिक टीएपी रिपोर्ट शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी।

टीएपी ने सरकारों को कार्यों की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण आरंभिक केंद्र बिंदु प्रदान किया है। हम एडीएस सलाहकार परिषद और विकलांगता क्षेत्र से मिली इस प्रतिक्रिया को स्वीकार करते हैं कि टीएपी के डिज़ाइन और संकेन्द्रण के क्रमिक विकास की आवश्यकता है, तथा भविष्य में परिवर्तन उद्वेलित करने के लिए टीएपी को और भी अधिक महत्वाकांक्षी कार्यों की पहचान करने की आवश्यकता है, तथा इसके लिए सरकारों में और अधिक कार्यनीतिक और संरेखित तरीके से ऐसा किया जाना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने राज्यों और राज्य-क्षेत्र सरकारों के सहयोग से उन क्षेत्रों पर विचार करने के लिए आरंभिक कार्य शुरू कर दिया है, जो टीएपी के अगले समुच्चय का संकेन्द्रण होगा। इसे विकलांगता-ग्रस्त लोगों के इनपुट से निर्देशित किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि 2024-2025 में आरंभ होने वाले अगले टीएपी को अंतिम रूप दिया जाए।

## संबद्ध योजनाएँ

एडीएस के परिणाम क्षेत्रों को वितरित करने के लिए मूर्त कार्यों की आवश्यकता होती है। एडीएस को टीएपी के अलावा संबद्ध योजनाओं के माध्यम से भी समर्थित किया जाता है, जिसमें विशिष्ट समूहों के लिए लंबे समय की

अवधि में ऊँचे स्तर की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया सरकार संबद्ध योजनाओं के विकास में सरकारी एजेंसियों की सहायता के लिए मार्गदर्शन विकसित कर रही है।

एडीएस संबद्ध योजनाओं में शामिल हैं:

- 3 दिसंबर 2021 के दिन आरंभ किया गया एंप्लॉय माई एबिलिटी, जो विकलांगता-ग्रस्त लोगों के रोजगार के परिणामों में सुधार के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार की 10 वर्षीय प्रतिबद्धता है।
- *राष्ट्रीय विकलांगता पक्ष-समर्थन ढाँचा 2023-2025 (National Disability Advocacy Framework 2023-2025)* और इससे संबंधित *विकलांगता पक्ष-समर्थन कार्य योजना (Disability Advocacy Work Plan)* ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों द्वारा लगातार रूप से किए जा रहे कार्य के आरंभ का प्रतिनिधित्व करती है, ताकि प्रमुख क्षेत्रों में संयुक्त कार्य की प्रतिबद्धता के माध्यम से विकलांगता पक्ष-समर्थन सेवाओं के संरेखण में सुधार किया जा सके।
- ऑस्ट्रेलिया सरकार के नेतृत्व में *बौद्धिक-विकलांगता से ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए राष्ट्रीय मार्गपथ (National Roadmap for Improving the Health of People with Intellectual Disability)* व्यापक कार्यों को निर्धारित करता है और यह रेखांकित करता है कि हम एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली कैसे बना सकते हैं, जहाँ बौद्धिक-विकलांगता से ग्रस्त लोगों को महत्व व सम्मान दिया जाता है और उन्हें ऊँची गुणवत्ता की सामयिक और व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सुलभ होती है।

ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय सांस्कृतिक नीति (National Cultural Policy), *रिवाइव (Revive),* के माध्यम से ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए कलाएँ एवं विकलांगता संबद्ध योजना (Arts and Disability Associated Plan) की कार्यान्वयन गतिविधियों को निधीकृत करने के प्रयोजन से $5 मिलियन की धनराशि प्रतिबद्ध की है, ताकि वे ऑस्ट्रेलिया के सांस्कृतिक तथा रचनात्मक जीवन तक पहुँच सकें और इसमें भाग ले सकें। वर्तमान में कलाएँ और विकलांगता संबद्ध योजना विकासाधीन है।

## परिणाम ढाँचा

एडीएस के आरंभ के साथ प्रस्तुत किए गए सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुधारों में से एक सुधार परिणाम ढाँचे का कार्यान्वयन था। परिणाम ढाँचा एडीएस के परिणाम क्षेत्रों एवं नीतिगत प्राथमिकताओं (Outcome Areas and Policy Priorities) में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों का मापन, अनुसरण और रिपोर्टिंग करने की प्रक्रिया है।

परिणाम ढाँचे के इंटरैक्टिव और सुलभतापूर्ण रिपोर्टिंग वेबपेजों को 14 दिसंबर 2022 के दिन आरंभ किया गया था। परिणाम ढाँचे की रिपोर्टिंग में तिमाही अपडेट्स, डैशबोर्ड टूल और वार्षिक रिपोर्टें शामिल हैं। पहली वार्षिक रिपोर्ट को 28 फरवरी 2023 के दिन प्रकाशित किया गया था। आकड़े सुधार योजना (Data Improvement Plan) के माध्यम से भविष्य के उपायों के लिए डेटा के संग्रह को समर्थन मिलेगा।

सामुदायिक दृष्टिकोणों के बारे में उपलब्ध जानकारी में सुधार के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार ने ऐसे सर्वेक्षणों के लिए प्रतिबद्धता दी है, जिन्हें हरेक 3 वर्षों में सामुदायिक दृष्टिकोणों के मापन के लिए आयोजित किया जाएगा। एडीएस सर्वेक्षण (ADS Survey) की सबसे पहली लहर 2022 में आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 18,000 लोगों से डेटा एकत्र किया गया था। एकत्र किए गए डेटा में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ-साथ व्यापक ऑस्ट्रेलियाई आबादी की प्रतिक्रियाएँ भी शामिल थीं। एडीएस सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्र किया गया डेटा - *हमारे साथ साझा करें (Share with us)* में 7 सामुदायिक दृष्टिकोण उपायों के लिए नए आकड़े शामिल हैं, जिन्हें पहली बार 5 अक्टूबर 2023 को रिपोर्ट किया गया था।

एडीएस सर्वेक्षण की पहली लहर के हिस्से के रूप में एएनयू (ANU) और पर्पल ऑरेंज (Purple Orange) ने एक नेस्टेड (गुणात्मक) अध्ययन [Nested (qualitative) Study] का आयोजन किया था, जो बौद्धिक-विकलांगता से ग्रस्त लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय एवं कानून, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सहायता सेवाओं और रोजगार के क्षेत्रों में सामुदायिक दृष्टिकोणों के साथ उनके अनुभवों पर केंद्रित था। यह नेस्टेड अध्ययन रिपोर्ट (Nested Study Report) विकलांगता गेटवे पर एडीएस हब पर उपलब्ध है।

# डेटा में सुधार

हम प्रासंगिक डेटा को एकत्र और साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि परिवर्तन को उद्वेलित करने के उद्देश्य से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों की प्रभावी निगरानी और रिपोर्टिंग को समर्थन दिया जा सके। एडीएस के कार्यान्वयन के लिए डेटा हमारी साक्ष्य-आधारित कार्यविधि के मूल में है।

एडीएस डेटा सुधार योजना के विकास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों को मापने के प्रयोजन से एडीएस के जीवन-काल में आवश्यक डेटा को एकत्र व साझा किया जाए और इसमें उत्तरोत्तर रूप से सुधार किया जाए। इससे इस बात की पहचान भी हो पाएगी कि एडीएस के प्रभाव की हमारी समझ में सुधार के लिए प्रणालियों के बीच डेटा को कहाँ जोड़ा जाना चाहिए।

डेटा में सुधार की गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- ऑस्ट्रेलिया सरकार ने राष्ट्रीय विकलांगता डेटा परिसंपत्ति (National Disability Data Asset) के विश्लेषण, अनुसंधान और वितरण के लिए कुल $68.3 मिलियन की धनराशि प्रतिबद्ध की है, जो ऑस्ट्रेलिया की सबसे व्यापक विकलांगता डेटा परिसंपत्ति होगी।
- ऑस्ट्रेलिया सरकार की प्रमुख एजेंसियों ने पोर्टफोलियो डेटा सुधार योजनाओं का निर्माण करने की प्रतिबद्धता दी है, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उनके अपने पोर्टफोलियो में विकलांगता-संबंधी डेटा में सुधार कैसे किया जा सकता है।
- ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी कार्यालय (Australian Bureau of Statistics) के 2022 विकलांगता, आयुर्वृद्धि एवं देखभालकर्ता सर्वेक्षण (2022 Survey of Disability, Ageing and Carers) का फील्डवर्क 2023 के शुरुआती महीनों में पूरा हुआ, जिसके परिणाम 2024 के मध्य में आने वाले हैं।
- विकलांगता पक्ष-समर्थन के क्षेत्र में डेटा साझा करने के लिए राज्य सरकार को समर्थन, जैसे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में।
- डेटा के उपयोग व साझाकरण के तरीके में सुधार के लिए राज्य विकलांगता डेटा कार्यनीतियों और उन्नत प्रणालियों का विकास, जैसे एनएसडब्ल्यू सरकार डेटा कार्यनीति (NSW Government Data Strategy) या दक्षिण ऑस्ट्रेलिया द्वारा डेटा संग्रह में पारिवारिक जटिलता (Family Complexity) संकेतकों का उपयोग।

# साक्ष्य आधार और आकलनों का निर्माण

एडीएस का कार्यान्वयन साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण पर आधारित है। इसका अर्थ है कि हम अपने निर्णय लेने और कार्य करने के तरीके की प्रक्रिया में विकलांगता-ग्रस्त लोगों की सलाह के साथ-साथ अनुसंधान से मिले साक्ष्यों को भी शामिल करेंगे। अच्छे साक्ष्यों से हमें इस बात का आधार मिलता है कि हम कहाँ और कैसे प्रगति हासिल करेंगे।

साक्ष्य आधार के निर्माण में राष्ट्रीय विकलांगता अनुसंधान प्रतिभाग (एनडीआरपी) [National Disability Research Partnership (NDRP)] की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। एनडीआरपी अनुसंधान एजेंडा और विकलांगता समावेशी अनुसंधान के लिए व्यावहारिक संदर्शिकाओं के माध्यम से विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए सुधार कर पाने में सहायता मिलेगी। यह एक सहयोगी व समावेशी विकलांगता अनुसंधान कार्यक्रम को सुविधाकृत करेगा, और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के नेतृत्व में और उनके साथ अनुसंधान का निधीकरण करेगा। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने एनडीआरपी की स्थापना और संचालन के समर्थन के लिए 2022-23 से 2024-25 तक $15 मिलियन प्रदान किए हैं। एनडीआरपी के 2024 तक स्थापित होने और पूरी तरह से चालू हो जाने की उम्मीद है।

साक्ष्य आधार और आकलनों के निर्माण की गतिविधियों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- प्रथम राष्ट्र विकलांगता नेटवर्क ने राष्ट्रीय विकलांगता पदचिह्न की लगातार चल रही निगरानी और आकलन के समर्थन के लिए एक स्वतंत्र सलाहकार नियुक्त किया है।
- राज्य की नीतियों और कार्यनीतियों के आकलन, जैसे उत्तरी राज्य-क्षेत्र की *एंप्लॉयएबिलिटी कार्यनीति 2018-2023 (EmployAbility Strategy 2018-22)* का आकलन।

- विकलांगता-ग्रस्त क्वींसलैंडवासियों की आवाज़ (Voice of Queenslanders with Disability) सर्वेक्षण को 2023 की शुरुआत में आयोजित किया गया था, और *विकलांगता-ग्रस्त क्वींसलैंडवासियों की आवाज़ रिपोर्ट (Voice of Queenslanders with Disability)* 19 जून 2023 को प्रकाशित की गई। यह सर्वेक्षण और रिपोर्ट क्वींसलैंड सरकार, विकलांगता-ग्रस्त क्वींसलैंडवासी नेटवर्क (Queenslanders with Disability Network) और ग्रिफिथ विश्वविद्यालय के बीच एक सहयोग था।
- विकलांगता गेटवे की एक स्वतंत्र प्रक्रिया और परिणाम आकलनों को जून 2022 में पूरा किया गया।

# प्रशासन

सशक्त प्रशासन व्यवस्था देश-भर में गतिविधियों के प्रभावी कार्यान्वयन के समर्थन के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए परिणामों में सुधार आएगा। *ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031* (पृ. 45; 59-60) में एक प्रशासन प्रारूप (Governance Model) की रूपरेखा दी गई है, जो हमारे कार्य और जवाबदेयता का मार्गदर्शन कर रही है।

एडीएस प्रशासन में योगदान करने वाले समूहों में शामिल हैं:

- विकलांगता सुधार मंत्रि परिषद (Disability Reform Ministerial Council) विकलांगता नीति के लिए जिम्मेदार ऑस्ट्रेलिया सरकार और राज्य एवं राज्य-क्षेत्र मंत्रियों का एक मंच है, ताकि विकलांगता नीति और कार्यान्वयन में सुधार पर राष्ट्रीय सहयोग और समन्वय को उद्वेलित किया जा सके।
- एडीएस सलाहकार परिषद ऑस्ट्रेलियाई सरकारों और विकलांगता मंत्रियों को एडीएस के कार्यान्वयन के बारे में स्वतंत्र सलाह प्रदान करती है। इसके सदस्य समुदाय और विकलांगता क्षेत्र से आने वाले विकलांगता-ग्रस्त लोग हैं।
- विकलांगता प्रतिनिधि संगठन (Disability Representative Organisation) एडीएस कार्यान्वयन मंच (ADS Implementation Forum) में अनेकानेक संगठन शामिल हैं, जो विकलांगता क्षेत्र और विकलांगता-ग्रस्त लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह मंच ऑस्ट्रेलिया सरकार के लिए एडीएस कार्यान्वयन गतिविधियों के बारे में सलाह और प्रतिक्रिया का एक महत्वपूर्ण परामर्श स्थान है।

# एडीएस ऑनलाइन

विकलांगता गेटवे पर एडीएस हब एक ही स्थान पर एडीएस के बारे में समाचार, संसाधनों और रिपोर्टों के लिए जगह प्रस्तुत करता है। इसे 2021 के मध्य में आरंभ किया गया था और ऑस्ट्रेलिया सरकार एडीएस की ऑनलाइन उपस्थिति को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मूलभूत जानकारी को सुलभ प्रारूपों में उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें पढ़ाई में आसान (Easy Read) प्रारूप और ऑस्लन सहित 14 सामुदायिक भाषाएँ शामिल हैं। अनुरोध पर ब्रेल जैसे अन्य सुलभ प्रारूप उपलब्ध कराए जा सकते हैं और भविष्य में प्रथम राष्ट्र की अनेक भाषाओं को शामिल करने का कार्य आरंभ हो गया है।

एडीएस हब को आरंभ करने के 2 वर्षों के अंदर नई सामग्री में शामिल हैं:

- वार्षिक लक्षित कार्य योजनाएँ रिपोर्टें।
- एडीएस मंचों और परामर्शों के बारे में जानकारी।
- एडीएस सलाहकार परिषद के विवरण और विज्ञप्तियाँ।
- नए संसाधन, जैसे डेटा सुधार योजना और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ संलग्नता के लिए अच्छी कार्यप्रथाएँ दिशानिर्देश।
- ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य एवं सकुशलता संस्थान (Australian Institute of Health and Welfare) के एडीएस परिणाम ढाँचा इंटरैक्टिव वेबसाइट के लिंक्स।

एडीएस हब के लगातार रूप से विस्तृत होने के साथ-साथ समीक्षा और रिफ्रेश पर भी कार्य किया जा रहा है, और 2023 के अंत से 2024 की शुरुआत तक सुधार आरंभ कर दिए जाएँगे।